ज्ञानदीप

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2000 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)

Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

संस्थान – डी ओ टी (020) 26122271, 26123436, 26123680, 26113452
रेलवे – 55222, 55862

छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579, 26126816, 26121669
रेलवे – 53101, 53102, 253103

फैक्स: 020-26128677
रेलवे: 55860, टेलीग्राम: रेलपथ
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 15 | अंक – 57 | जनवरी – मार्च 2011

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. हमारे नए निदेशक
2. स्थापना दिवस समारोह
3. मुख्य रेलपथ इंजीनियर, ट्रैक मशीन का सेमिनार
4. गणतंत्र दिवस समारोह
5. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 110वीं बैठक
6. नराकास, पुणे की बैठक में इरिसेन को सम्मान
7. ग्रंथालय में पाठक मंच की स्थापना हेतु कार्यशाला
8. समीक्षाधीन तिमाही में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
9. निकट भविष्य में आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
10. समेकित पाठ्यक्रम – प्रशिक्षण में उत्कृष्ट अधिकारी
11. श्रध्दासुमन
12. विदाई
13. स्वागत
14. बधाई
15. सृजन

1. हमारे नए निदेशक



1977 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश तायल ने दिनांक 24 मार्च, 2011 से संस्थान के निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप पश्चिम मध्य रेल पर प्रधान मुख्य इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। श्री तायल आईआईटी, रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।

उत्तर रेलवे पर आपने विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आरडीएसओ में ट्रैक मशीन के पहले निदेशक का पदभार आप संभाल चुके हैं। आप पश्चिम रेल पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/अजमेर तथा मुख्य रेलपथ इंजीनियर/ चर्चगेट एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल पर मंडल रेल प्रबंधक/रायपुर भी रह चुके हैं। आप मलेशिया में भारतीय रेल द्वारा प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर चुके हैं । आपने पेरिस में स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट का पाठ्यक्रम पूरा किया है। आप लॉंग वेल्डेड रेल में स्ट्रेस फ्री टेम्परेचर का मेजरमेंट के प्रशिक्षण हेतु यूरोप जा चुके हैं। पश्चिम मध्य रेल पर प्रधान मुख्य इंजीनियर का पद संभालने से पहले आप उत्तर मध्य रेल पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) रह चुके हैं। आपने इरिसेन में पहले भी डीन के पद को सुशोभित किया है। इरिसेन परिवार आपका हार्दिक स्वागत करता है।

2. इरिसेन का स्थापना दिवस समारोह



श्री ए.पी.मिश्र, सदस्य इंजीनियरी,रे.बो., दीप प्रज्वलित करते हुए एवं श्री सी.पी. तायल, निदेशक एवं श्री एन.सी.शारदा, संकाय अध्यक्ष



स्थापना दिवस के अवसर पर सदस्य इंजी. रेलवे बोर्ड श्री हरीश कुमार सहायक मंडल इंजी. करनाल, उ. रेल को पुरस्कृत करते हुए

संस्थान ने दिनांक 26 मार्च, 2011 को अपना 53वां स्थापना दिवस मनाया। माननीय श्री ए.पी.मिश्र, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड समारोह के मुख्य अतिथि थे। गणमान्य व्यक्तियों में श्री एम.वी.बसरूर, रिटायर्ड अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड श्री वी.के.जे.राणे, रिटायर्ड प्रबंध निदेशक/इरकॉन, श्री बी.टी.भिड़े, रिटायर्ड महाप्रबंधक, आईसीएफ, श्री के.वाय.रानाडे, रिटायर्ड महाप्रबंधक, मध्य रेल, श्री विनोद कुमार, रिटायर्ड महाप्रबंधक, मेट्रो रेल कोलकाता, श्री एम.एस.एकबोटे,

संरक्षक
श्री चंद्र प्रकाश तायल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
नीलमणि
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, रेलपथ

संपादक
अरुणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

रिटायर्ड एडिशनल मेंबर, सिविल इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड, श्री वाय.जी.पटवर्द्धन, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर, पश्चिम रेल, श्री जी.एन.फड़के, रिटायर्ड महाप्रबंधक, कंस्ट्रक्शन,NF Rly, श्री पी.के.सक्सेना, प्रधान मुख्य इंजी., मध्य रेल, श्री बी.डी.कुमार, मुख्य प्रशा.अधि. (नि.), मध्य रेल, श्री प्रभात सहाय, मंडल रेल प्रबंधक, पुणे एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। समारोह में भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 1984 बैच के अधिकारियों को समृति चिन्ह एवं वर्ष 2010 में सम्पन्न पाठ्यक्रमों के उत्कृष्ट प्रशिक्षु अधिकारियों तथा परिवीक्षार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

श्री हरीश कुमार, सहायक मंडल इंजीनियर, करनाल, उत्तर रेल, को वर्ष 2006 बैच का उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी पदक तथा वीकेजे राणे रोलिंग ट्रॉफी, श्री शुभानन चन्द, सहायक मंडल इंजीनियर. तिनसुखिया, पूर्वोत्तर सीमांत रेल को इरकॉन स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।



सदस्य इंजी. रेलवे बोर्ड द्वारा टर्नआऊट पुस्तक के विमोचन का दृश्य

सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड के कर कमलों द्वारा मार्च, 2011 की ''इरिसेन जनरल ऑफ सिविल इंजीनियरिंग'' तथा श्री मनोज अरोरा, वरिष्ठ प्राध्यापक, रेलपथ द्वारा मूल रुप से हिंदी में लिखित ''टर्न–आऊट – बिछाना, निरीक्षण एवं अनुरक्षण'' पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके पश्चात रेलवे इंजीनियरिंग टेक्निकल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित ''स्टील स्ट्रक्चर फैब्रिकेशन फॉर रेलवेज'' पुस्तक का विमोचन भी सदस्य इंजीनियरिंग के करकमलों द्वारा किया गया। **''भारतीय रेल के कॉरपोरेट उद्देश्यों को पूरा करने में इंजीनियरिंग विभाग की भूमिका''** विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 1984 बैच के अधिकारियों ने पेपर प्रस्तुत किए। इस अवसर पर श्री ए.पी.मिश्र, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने अपने संबोधन में भारतीय रेल के समक्ष चुनौतियों की विस्तृत चर्चा की एवं यह विश्वास व्यक्त किया कि इंजीनियरिंग विभाग इन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने भा.रे.इंजी.सेवा 2009 बैच के परिवीक्षार्थियों को विशेष रुप से संबोधित किया तथा उन्हें अपने अनुभवों से अवगत कराया। उत्कृष्ट आयोजन एवं कार्यकुशलता हेतु सदस्य इंजीनियरिंग ने रु.1,00,000/- (एक लाख) के सामूहिक पुरस्कार की घोषणा की।



स्थापना दिपस की पूर्व संध्या के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर इरिसेन छात्रावास के खेल परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु इस्पात कारखाना भिलाई के कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। कलाकारों ने संगीतमय समां बांध दी। इरिसेन के सह–प्राध्यापक श्री अरुण चांदोलीकर ने भी कलाकारों की हौसला अफजाई में फिल्मी गीत गाए। श्री सी.पी.तायल, निदेशक ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। श्री ए.पी.मिश्र, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने कलाकारों को रु. 25000/- के पुरस्कार की घोषणा की ।

3. मुख्य रेलपथ इंजीनियर, ट्रैक मशीन का सेमिनार



मुख्य रेलपथ इंजीनियर/ट्रैक मशीन के सेमिनार का दृश्य

दिनांक 30 मार्च से 01 अप्रैल,11 को इरिसेन में मुख्य रेलपथ इंजीनियर (ट्रै.म.)/मुख्य इंजीनियर (ट्रै.म.) के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यसूची की मदों पर विचार विमर्श के अलावा सेमिनार के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए: मेसर्स क्युमिक्स लि. पुणे द्वारा प्रस्तुतीकरण, श्री पी.के.गर्ग, वरि.प्रा.रेलपथ द्वारा, 'रेल ग्राइंडिंग', श्री बी.आर.एम.रेड्डी, उप मु.इंजी.,ट्रैक मशीन, द.म.रेल द्वारा 'रेल ग्राइंडिंग – मेन सिस्टम ऑफ RGM, ऑपरेशनल एंड सेफ्टी इशूज इन्क्लडिंग एक्सपीरिएंस ऑफ SCR, इकॉनॉमिक्स ऑफ ग्राइंडिंग' प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की सराहना की गई ।

4. गणतंत्र दिवस समारोह



गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर निदेशक श्री ए.के.गोयल ध्वज को सलामी देते हुए

दिनांक 26 जनवरी,2011 को इरिसेन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। संस्थान के निदेशक श्री ए.के.गोयल ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया और तदुपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।

श्री गोयल ने देश की उन्नति में सहायक भारतीय रेल की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा देश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और सजग रहने की सलाह दी। ध्वजारोहण के अवसर पर संस्थान के सभी संकाय सदस्य, उनके परिवारगण तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

5. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 110वीं बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 110वीं बैठक का दृश्य

संस्थान में दिनांक 10 फरवरी,11 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 110वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रगति पर बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई। संस्थान में तकनीकी क्षेत्र में छोटे–मोटे जो काम राजभाषा में किए जाते हैं उनका विशेष महत्व होता है। समेकित पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं एवं भा.रे.इं.से. के परिवीक्षार्थियों को हिंदी की तकनीकी पुस्तकें,फिल्मों से समझने में सहायता मिलती है।

इरिसेन वेबसाइट पर शब्दकोश की व्यवस्था से राजभाषा के काम में सहूलियत मिलती है। इसके अतिरिक्त हमें तकनीकी शब्दों का देवनागरी में हूबहू प्रयोग से एवं तकनीकी पुस्तकों का हिंदी रुपांतरण सहजता से कर सकेंगे।

इस तिमाही में विशेष उपलब्धि के रूप में पाठ्यक्रम कैलेंडर एवं छात्रावास की संशोधित पुस्तिका का हिंदी रूपातंरण किया गया। संस्थान से गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान से हिंदी भाषा एवं टाइपिंग में नामित कर्मचारियों को नामित किया गया है। बैठक में संस्थान के ग्रंथालय में उपलब्ध हिंदी पुस्तकों के पाठकों को पठन में रुचि बढ़ाने हेतु पाठक मंच की स्थापना तथा कभी–कभी गोष्ठियों के आयोजन पर बल दिया गया। इस प्रकार बैठक सार्थकतापूर्ण उद्देश्यों के साथ संपन्न हुई।

6. नराकास, पुणे की बैठक में इरिसेन को सम्मान



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में प्रशस्ति–पत्र ग्रहण करते हुए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ श्री नीलमणि

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे के तत्वावधान में भारतीय उष्णदेशीय मौसम–विज्ञान संस्थान, पुणे में दिनांक 21 फरवरी 2011 को श्री शैलेन्द्र कुमार यादव, न्यायिक सदस्य, आयकर अपीलीय अधिकरण, पुणे की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में राजभाषा के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केंद्रीय सरकार के पांच कार्यालयों को वर्ष 2010 में किए गए कार्य की समीक्षा कर पुरस्कार हेतु चयन किया गया। इरिसेन को तकनीकी क्षेत्र के बावजूद राजभाषा कार्य में विशेष उपलब्धि के लिए प्रशस्ति–पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इरिसेन की ओर से यह पुरस्कार श्री नीलमणि, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ ने प्राप्त किया। पूर्णत: तकनीकी संस्थान होते हुए भी इरिसेन को लगातार दूसरी बार पुरस्कृत किया गया है।

7. ग्रंथालय में पाठक मंच हेतु कार्यशाला

दिनांक 29 मार्च 2011 को संस्थान के ग्रंथालय में उपमुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ श्री नीलमणि की उपस्थिति में पाठक मंच की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मंच से उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं अपनी रूचि के अनुसार पुस्तकों के बारे में जानकारी दी। निकट भविष्य में इन पुस्तकों को इरिसेन ग्रंथालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

8. समीक्षाधीन तिमाही में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पा. सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	10112	समेकित पाठ्यक्रम (संयुक्त)	27/12/10	03/02/11
2	10607	वरिष्ठ अधीनस्थों एवं प्रशिक्षकों (कार्य मॉड्युल) के लिए विशेष पाठ्यक्रम	27/12/10	07/01/11
3	11401	यूएसएफडी टेस्टिंग, वेल्डिंग एंड रेल ग्राइंडिंग, ट्रैक मॉनिटरिंग एंड हाई स्पीड एंड हैवी हाउल पर विशेष पाठ्यक्रम	03/01/11	07/01/11
4	11101	समेकित पाठ्यक्रम (रेलपथ)	10/01/11	10/03/11
5	10402	गर्डरों का स्ट्रक्चर एवं लांचिंग के लिए फार्मवर्क पर विशेष पाठ्यक्रम	17/01/11	21/01/11
6	11702	भा.रे.वि.इं.से. (परि.) के लिए जागरुकता पाठ्यक्रम	17/01/11	21/01/11
7	10403	रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम (अधिकारियों के लिए)	24/01/11	27/01/11
8	10404	रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम (पर्यवेक्षकों के लिए)	25/01/11	28/01/11
9	1405	ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम (क्रिस द्वारा आयोजित) पर विशेष पाठ्यक्रम	31/01/11	04/02/11
10	11201	वप्रश्रे अधिकारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	31/01/11	11/03/11
11	10406	रेल ग्राइंडिंग (पर्यवेक्षकों के लिए) पर विशेष पाठ्यक्रम	07/02/11	09/02/11
12	11407	रेल ग्राइंडिंग (पर्यवेक्षकों के लिए) पर विशेष पाठ्यक्रम	08/02/11	10/02/11
13	10408	रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम (अधिकारियों के लिए)	09/02/11	11/02/11
14	10409	ट्रैक मशीन एवं स्मॉल ट्रैक मशीन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष पाठ्यक्रम	14/02/11	18/02/11
15	11410	ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम पर विशेष पाठ्यक्रम (क्रिस द्वारा आयोजित)	14/02/11	18/02/11
16	11411	चश्रे/अप्रश्रे/ववे अधिकारियों के लिए ठेका एवं विवाचन पर विशेष पाठ्यक्रम	14/02/11	18/02/11
17	11412	रेल ग्राइंडिंग (पर्यवेक्षकों के लिए) पर विशेष पाठ्यक्रम	21/02/11	23/02/11
18	11413	रेल ग्राइंडिंग (पर्यवेक्षकों के लिए) पर विशेष पाठ्यक्रम	22/02/11	24/02/11
19	11703	आईआरएसएसई (परि.) के लिए जागरुकता पाठ्यक्रम	28/02/11	04/03/11
20	11001	भा.रे.सि.इं.(परि.) 2009 परीक्षा (समूह 'ए') के लिए चरण –1 पाठ्यक्रम	28/02/11	21/04/11
21	11002	भा.रे.सि.इं.(परि.) 2009 परीक्षा (समूह 'बी') के लिए चरण -1 पाठ्यक्रम	28/02/11	21/04/11
22	11706	भा.रे.इं.से. (परि.) के लिए जागरुकता पाठ्यक्रम	14/03/11	18/03/11
23	11415	एमएक्स रेल का उपयोग कर प्वाइंट एवं क्रॉसिंग बिछाना, यार्ड की प्लानिंग एवं ट्रैक डिजाइन पर विशेष पाठ्यक्रम	14/03/11	18/03/11
24	11201	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	31/01/11	11/03/11

9. निकट भविष्य में आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

क्र.	पा. सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	11103	समेकित पाठ्यक्रम (संयुक्त)	05/04/11	02/06/11
2	11003	भा.रे.इं.से.(परि) तैनाती परीक्षा 2008	25/04/11	29/04/11
3	11416	रेल व्हील इंटरेक्शन एंड डीरेलमेंट पर विशेष पाठ्यक्रम	02/05/11	06/05/11
4	10417	मॉडर्न सर्वेइंग पर विशेष पाठ्यक्रम	02/05/11	06/05/11
5	11202	सीनियर प्रोफेशनल डेवलपमेंट पाठ्यक्रम	02/05/11	13/05/11
6	11418	पब्लिक प्रायवेट पार्टनशिप पर विशेष पाठ्यक्रम	04/05/11	06/05/11
7	11203	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	09/05/11	17/06/11
8	11419	फेब्रिकेशन एंड इरेक्शन ऑफ स्टील स्ट्रक्चर पर विशेष पाठ्यक्रम (रेलपथ)	09/05/11	13/05/11
9	11420	रेलवे फार्मेशन एंड जिओ. टेक्नि. इनवेस्टीगेशन पर विशेष पाठ्यक्रम	16/05/11	20/05/11
10	10704	भा.रे.भं.से.(परि.) के लिए जागरूकता पाठ्यक्रम	16/05/11	20/05/11
11	11303	पब्लिक प्रायवेट पार्टनशिप पर विशेष पाठ्यक्रम	20/05/11	20/05/11
12	11004	भा.रे.इं.से.(परि) परीक्षा 2008 के लिए पोस्टिंग ओरिएन्टेशन पाठ्यक्रम	30/05/11	03/06/11
13	11004	प्री– इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम	06/06/11	17/06/11
14	11422	ट्रैक मेनेजमेंट सिस्टम (क्रिस द्वारा आयोजित) पर विशेष पाठ्यक्रम	06/06/11	10/06/11
15	11421	पीएससी कंन्सट्रक्शन पर विशेष पाठ्यक्रम	06/06/11	10/06/11
16	11304	मुख्य इंजी./ टीपी के लिए सेमिनार	09/06/11	10/06/11
17	11423	कन्सट्रक्शन इंजीनियर्स के लिए विशेष पाठ्यक्रम	13/06/11	24/06/11
18	11705	भा.रे.यां.इं.से.(परि.)के लिए जागरुकता पाठ्यक्रम	13/06/11	17/06/11
19	11601	वरिष्ठ अधीनस्थों एवं प्रशिक्षकों(ब्रिज मॉड्युल) के लिए विशेष पाठ्यक्रम	20/06/11	01/07/11
20	11105	समेकित पाठ्यक्रम (संयुक्त)	20/06/11	18/08/11
21	11305	मुख्य इंजीनियर(नि.) के लिए वर्कशॉप	23/06/11	24/06/11
22	11602	ब्रिज डिजाइन असिस्टेंट इन्क्लूडिंग अर्थक्वेक कम्पलेंट स्ट्रक्चर पर विशेष पाठ्यक्रम	27/06/11	15/07/11

10. समेकित पाठ्यक्रम – प्रशिक्षण में उत्कृष्ट अधिकारी

i) **समेकित पाठ्यक्रम सं. 10112**

प्रथम : श्री ऋषभ कुमार जैन, स.का.इंजी. (निर्माण), हरिद्वार, उत्तर रेल

द्वितीय : श्री देवेंद्र तिलवार, स.मं.इंजी. (दक्षिण)/स्टेट्स/लोअर परेल, प.रे., मुंबई

तृतीय : वी.हरिकृष्णा रेड्डी, स.मं.इंजी., ओंगोले, दक्षिण मध्य रेल

ii) **समेकित पाठ्यक्रम सं. 11101**

प्रथम : श्री एन.आर.काले, सहायक कार्यकारी इंजीनियर, इरिसेन, पुणे

द्वितीय : श्री एस.राजेन्द्रन, सहा.मंडल इंजीनियर (टीवीटी), दक्षिण रेल

तृतीय : श्री आर.बी.सारस्वत, सहायक इंजीनियर, जयपुर, उत्तर पश्चिम रेल

11. श्रद्धासुमन



स्नेहिल, मिलनसार, जीवट व्यक्तित्व का धनी एवं इरिसेन परिवार का हंसमुख सदस्य श्री परमेश्वर नारायण खांडेकर, वरिष्ठ खलासी, इरिसेन छात्रावास का 39 वर्ष की अल्पायु में दिनांक 16 मार्च, 2011 को निधन हो गया है। श्री परमेश्वर कैंसर रोग से लगभग 13 वर्षों से जूझ रहा था। वह अपने पीछे माता–पिता, पत्नी, पुत्र एवं पुत्री को छोड़ गया है। इरिसेन परिवार के सभी सदस्यों ने 16 मार्च, 2011 को शाम में श्री परमेश्वर को भावभीनी विदाई दी। इरिसेन परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि श्री परमेश्वर नारायण खांडेकर, के परिवार को दुख सहने की शक्ति दे एवं उनकी आत्मा को परम शांति दे।

12. विदाई



संस्थान के निदेशक श्री ए.के.गोयल दिनांक 28 फरवरी, 2011 को 35 वर्ष की रेल सेवा पूरी करने के उपरांत सेवा निवृत्त हुए। संस्थान की उन्नति में आपका लगभग साढ़े तीन वर्षों का योगदान स्मरणनीय रहेगा। इरिसेन आपके सुखद एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत जीवन की कामना करता है।



श्री आर.एल.वासनिक, संस्थान के सहायक मंडल वित्त प्रबंधक का स्थानांतरण इसी पद पर पुणे मंडल में हो गया है। दिनांक 01 मार्च, 2011 को उन्हें भारमुक्त कर दिया गया है। संस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

13. स्वागत



श्री दीपक गोपाल जोशी ने दिनांक 01 मार्च, 2011 को इरिसेन में सहायक मंडल वित्त प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप वर्ष 2007 से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पुणे में स.मं.वि.प्र. के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 1978 से लेखा लिपिक के रुप में रेल सेवा में नियुक्त हुए। श्री जोशी ने मध्य रेल पर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आप ने 1985 से 1989 तक अनुभाग अधिकारी (लेखा), 1989 से 1993 तक क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में मुख्य लेखा प्रशिक्षक रहे। 1993 से 1998 तक वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (लेखा) के रुप में कार्य किया। इसके अलावा आपने मनमाड में भी आपने लेखा अधिकारी के पद पर कार्य किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।

14. बधाई



श्री श्याम खोचे, सहायक कार्यकारी इंजीनियर, इरिसेन पुणे दिनांक 17 मार्च, 2011 से संस्थान में सह–प्राध्यापक के रुप में पदोन्नत हुए हैं। संस्थान आपकी पदोन्नति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है।



श्री जे.एम.पटेकरी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, इरिसेन, पुणे दिनांक 17 मार्च, 2011 से सहायक कार्यकारी इंजीनियर के रुप में पदोन्नत हुए हैं । संस्थान आपकी तरक्की पर आपको बधाई एवं शुभकामनाएं देता है।

15. सृजन

दौड़ लगाइए, बल्ब जलाइए



सोचिए कैसा होगा, जब आपकी तेज सांस आपकी बिजली के बिल में कटौती करेगी या फिर आपकी स्ट्रीट लाइट आपकी जॉगिंग के भरोसे जलेगी। वैज्ञानिक अगर अपने प्रयोग में सफल रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे आस–पास होने वाले किसी भी कंपन से उर्जा का निर्माण होगा। कंपन, उर्जा निर्माण का बेहतर स्रोत माना जाता है। चाहे वह किसी सड़क पर भारी यातायात की वजह से पैदा हुई हो या फिर किसी जॉगिंग ट्रैक पर जॉगर्स के भागने की वजह से पैदा हुई हो। पाइजोलेक्ट्रिक क्रिस्टलों को संयोजित कर एक विशेष उपकरण बनाया गया है, जिसमें हर तरह की कंपन से स्वच्छ उर्जा प्राप्त की जा सकेगी। पाइजो एक ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ होता है संपीड़ित या दबावयुक्त। ब्रिटिश नेशनल फिजिक्स लेबोरेटरी में काम कर रहे वैज्ञानिक मारकीस केन बताते हैं कि यह क्रिस्टल विशेष सिरेमिक्स से बना है, जो दबाव के प्रति बहुत संवेदनशील है। इस उपकरण को सड़क, पार्किंग और ऐसी जगहों पर लगाया जा सकता है, जहां कंपन की मात्रा बहुत अधिक होती है और स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। इस विषय पर शोध अपने चरम पर है और जल्दी ही लोगों को अपने घर के लिए अपना पावर हाउस मिल पाएगा। बस दौड़ लगाइए और बल्ब जलाइए।

– संपादक

ये भ्रामक विज्ञापन है

एक बड़े शहर में दो दुकानें पास पास ही थी, एक दूध की दुकान थी दूसरी तंबाकू बेचने वाले की टपरी, तंबाकू बेचने वाला रोज जोर–जोर से चिल्ला–चिल्ला कर तंबाकू बेचता था, कहता था मेरी तंबाकू खाने से आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता, कभी उसे कुत्ता नहीं काटता कभी उसके घर चोरी नहीं होती। दूध बेचने वाला रोज देखता कि प्रचार की वजह से तंबाकू की दुकान में ग्राहकों की लाइन लगी होती थी, परंतु उसकी अपनी दुकान पर कभी–कभार ही कोई ग्राहक आता था। वह बड़ा परेशान रहता एवं तंबाकू वाले से धंधा बढ़ाने का गुर सीखने की रोज मन्नतें करता व पूछता कि तुम्हारी तंबाकू खाने से कैसे आदमी जवान रहता है कैसे उसे कुत्ता नहीं काटता या फिर कैसे उसके घर चोरी नहीं होती। एक दिन तंबाकू वाला काफी खुश था, उसने दूध वाले के पास इस युक्ति के राज का खुलासा किया कि यदि आदमी मेरी तंबाकू रोज खाएगा तो जवानी में ही मर जाएगा, फिर बूढ़ा होने का प्रश्न ही नहीं है, तंबाकू का असर ऐसा होगा कि जवानी में ही उसे लाठी लेकर चलना पड़ेगा, तो लाठी के डर से कुत्ता उसके पास भी नहीं फटकेगा और फिर श्वांस नली में तंबाकू के प्रभाव से वह रात भर खासतें–खासतें सो ही नहीं पाएगा तो चोर क्या खाक उसके घर में घुस पाएगा।

तात्पर्य तो यही है कि इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापन से सतर्क रहकर जीवन यापन कीजिए।

श्री श्याम खोचे,
सह प्राध्यापक

आत्मविश्वास बढ़ाने का ढंग यह है कि आप वह कार्य करें जिसे करने में आप डरते हों, इस प्रकार ज्यों–ज्यों आपको सफलता मिलती जाएगी, त्यों–त्यों आपका आत्मविश्वास बढ़ता जाएगा।
– डेल कारनेगी

नीलमणि, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, रेलपथ, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स, **कल्याणी कॉर्पोरेशन,** 1464, सदाशिव पेठ, पुणे– 30. फोन : 24486080 द्वारा मुद्रित। (3000 प्रतियां)

Design & Printed at Kalyani Corporation, Pune-30. Tel. 24486080